दिनांक 29 अक्टूबर 2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

जल प्रदाय व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए, स्टैंडबाय ट्रांसफार्मर का ऑयल फिल्ट्रेशन कर रखा जा रहा है दुरुस्त, प्रत्येक 6 महीने में किया जाता है मेंटेनेंस कार्य

भिलाई नगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव तथा निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने जल प्रदाय व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश जल विभाग के अधिकारियों को दिए हैं! इसी तारतम्य में अधीक्षण अभियंता सत्येंद्र सिंह के जल विभाग की टीम शिवनाथ इंटक वेल एवं 77 एमएलडी के ट्रांसफार्मर को दुरुस्त रखने के लिए प्रत्येक 6 महीने में इसका मेंटेनेंस कार्य करा रही है! स्टैंडबाय मोड में रखें ट्रांसफार्मर को इस दौरान चेक करके ऑयल फिल्ट्रेशन किया जा रहा है! इसके पश्चात लोड देकर इस ट्रांसफार्मर से भी काम लिया जाता है, ताकि स्टैंडबाय मोड में रखे हुए ट्रांसफार्मर नमी रहित रहे और सही तरीके से कार्य करते रहें! स्टैंडबाय मोड में ऐसे ही रखे होने के कारण ट्रांसफार्मर में खराबी की संभावना बढ़ जाती है इसलिए समय-समय पर इसका मेंटेनेंस करना भी आवश्यक है! कुछ माह पहले ही शिवनाथ नदी के करंट ट्रांसफॉर्मर में नमी आ जाने के कारण इसके कुछ उपकरण में खराबी आ गई थी जिसे निगम ने दुरुस्त कर किया था! करंट ट्रांसफार्मर में नमी आने के कारण छोटे-छोटे उपकरण खराब हो गए थे, जिन्हें सुधारा गया था! ट्रांसफार्मर में नमी आने की वजह से इनकमर केबल का किट , बैटरी चार्जर, केबल, फ्यूज को परिवर्तन करना पड़ा था तब जाकर ट्रांसफार्मर ठीक हो पाया! इसी को संज्ञान में रखते हुए ट्रांसफार्मर में समय-समय ऑयल फिल्ट्रेशन का कार्य किया जा रहा है! उल्लेखनीय है कि जल प्रदाय निरंतर बनाए रखने के लिए शिवनाथ इंटक वेल में 2 नए ट्रांसफार्मर साल भर पहले लगाए गए हैं तथा एक नया ट्रांसफार्मर हाल ही में 77 एमएलडी में लगाया गया है! इस एमएलडी में एक और नया ट्रांसफार्मर लगाया जाना है! जिसके बाद दोनों ट्रांसफार्मर नए हो जाएंगे और दो ट्रांसफार्मर स्टैंडबाय मोड में रहेंगे! स्टैंडबाय मोड में रखे हुए ट्रांसफार्मर को भी सही रखने के लिए इसका मेंटेनेंस प्रत्येक 6 माह में किया जा रहा है! ताकि जब भी इन ट्रांसफार्मर की आवश्यकता हो तो इन्हें उपयोग में लाया जा सके!

Vivo V9
Dual Rear Camera